# समाचार

## समिति कार्यालय भवन का लोकार्पण किया महापौर ने




कोरबा 13 अप्रैल 2015–सर्वराजी पेटी ठेकेदार समिति कोरबा के नवनिर्मित कार्यालय भवन का लोकार्पण आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के करकमलों द्वारा किया गया, इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने समिति के सदस्यों को नये कार्यालय भवन निर्माण की अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक श्री श्रेष्ठ सिंह ठाकुर द्वारा की गई।

नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 25 कुआंभट्ठा स्थित सर्वराजी पेटी ठेकेदार समिति कोरबा द्वारा समिति के नये कार्यालय भवन का निर्माण कराया गया है, जिसका लोकार्पण आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के द्वारा किया गया। महापौर श्रीमती अग्रवाल के कार्यक्रम में पहुंचने पर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनका हार्दिक स्वागत किया तथा शाल एवं श्रीफल भेंटकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल तथा अन्य अतिथियों ने शिलापट्टिका का अनावरण एवं फीता काटकर समिति के नवीन कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को समिति के नये भवन निर्माण के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी।

लोकार्पण समारोह में जिला कांग्रेस कमेटी महिला मोर्चा की शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, कांग्रेस नेत्री मंगल बुधिया, समिति के अध्यक्ष रविन्द्रनाथ ठाकुर, संतोष कुमार गुप्ता, अशरफ अली, मोतीलाल सूर्यवंशी, कोमल राठौर आदि के साथ समिति के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।